
बैठक ▶ मेयर इन काउंसिल की बैठक में सर्वसमत्ति से पारित किए गए अनेक प्रस्ताव, बैंकों के बाहर पार्किंग व्यवस्था सुधारने जारी किए जाएंगे नोटिस

# शहर विकास पर चर्चा, बेहतर होगी आवागमन व्यवस्था

**नवभारत, कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में नगर निगम सभाकक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक की गई। अधिक प्रस्ताव होने के कारण तीन दिवस तक चली इस बैठक में अधोसंरचना विकास, सुदृढ़ीकरण, नगर के सौंदर्यीकरण सहित जनहित से जुड़े प्रस्तावों और विषयों पर चर्चा कर स्वीकृति दी गई। वहीं नगर निगम कार्यों को व्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विभागों में पदस्थ कर्मचारियों संबंधी प्रस्तुत एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों पर विचार कर सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। बैठक में राजस्व विभाग द्वारा प्रस्तुत सौर ऊर्जा के भवनों में संपत्ति कर में छूट देने संबंधी प्रस्ताव पर राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ने बताया शहर में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सौर ऊर्जा वाले भवनों में संपत्ति कर में 5 प्रतिशत तक की छूट देने के निर्देश दिए गए है। यह छूट 31 मार्च 2026 तक निगम कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज जमा करने वालों को ही मिलेगी। जनहित के इस प्रस्ताव पर विचार के बाद स्वीकृति के लिए परिषद के पास भेजे जाने की अनुशंसा की गई। बैठक में ग्राम झिंझरी वार्ड क्रमांक 44 में आवासीय, व्यावसायिक योजना क्रमांक 6 अंतर्गत न्यू कलेक्ट्रेट जबलपुर रोड के सामने नवनिर्मित नवीन काम्पलेक्स की दुकान, हाल की ई-नीलामी निविदाओं में प्राप्त दर की स्वीकृति और शेष दुकानों, हाल की दोबारा नीलामी कराए जाने के संबंध प्रस्ताव पर चर्चा की गई। जिस पर राजस्व अधिकारी ने बताया कि 17 दुकानों की निविदा प्राप्त हो



चुकी है। बाकी बची 6 दुकानों और हाल में निविदा प्राप्त नहीं होने के कारण दोबारा नीलामी कराया जाना है। प्रकरण के संबंध में चर्चा के बाद ई नीलामी निविदाओं में प्राप्त दरों को स्वीकृति दी गई कि दुकानों की दोबारा नीलामी कराने के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव की पुष्टि की गई। शहरवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए नगर के विभिन्न स्थलों की सड़कों पर 69.73 लाख रुपए की लागत से पेंच मरम्मत कार्य कराए जाने के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव पर समिति के सभी सदस्यों ने स्वीकृति दी। अमीरगंज स्थित प्रसंस्करण प्लांट पर एकत्रित पुराने कचरे के प्रसंस्करण के लिए निविदा बुलाए के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई है। बैठक के दौरान नगर विकास के अन्य विषयों और प्रस्तावों के तहत सिटी चौपाटी के निर्माणाधीन कार्य को पूरा कराने में आ रही राजस्व संबंधी समस्याओं के जल्द निराकरण करते हुए छोटे दुकानदारों के हितों को ध्यान में रखकर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। शहर की की यातायात व्यवस्था को बेतहर बनाने के लिए बैंकों में पार्किंग व्यवस्था में सुधार लाने के लिए संबंधितों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई करने, स्टेशन रोड मुख्य बाजार में सेंट्रल डिवाइडर और सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 22 और 25 में कराए जा रहे डेकोरेटिव लाइट के कार्य को गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। नगर निगम ए रविन्द्र राव स्कूल को अंग्रेजी माध्यम में संचालित करने में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए नगर निगम और शिक्षा विभाग की समिति गठित कर कार्रवाई करने, नगर में चाइनीज मांझे के विक्रय के प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने, जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग चौड़ीकरण में आ रही समस्याओं का निराकरण करने के लिए कहा गया है। कांजी हाउस की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने सहित सफाई नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। बैठक के दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, रमेश सोनी, सुरेन्द्र गुप्ता, जयनारायण निषाद, गोविंद चावला, उमेन्द्र अहिरवार, सुमन राजू माखीजा, बीना संजू बैनर्जी, तुलसा गुलाब बेन सहित प्रभारी निगमायुक्त सहित अधिकारियों की उपस्थिति रही।



# टैक्स मुक्त की जाए बार्डर टू फिल्म

▶ वेलफेयर फाउडेंशन ने सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, कटनी।** देशभक्ति से ओतप्रोत फिल्म बॉर्डर 2 को मध्यप्रदेश में टैक्स-फ्री किए जाने की मांग को लेकर विद्यालोक वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि यह फिल्म युवाओं में राष्ट्रप्रेम, बलिदान और भारतीय सेना के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करेगी, इसलिए इसे टैक्स-फ्री किया जाना जनहित में आवश्यक है। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष अर्जित खरे के नेतृत्व में एडवोकेट राज दुबे, विपांशु पटेल, हर्ष चौधरी, दीपक, सुयंत गर्ग, ध्रुव बिचपुरिया, करण मिश्रा, एडवोकेट जया थापा, यश कोटवाल सहित कई अन्य सदस्यों की उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में सरकार से मांग की है कि ऐसी राष्ट्रवादी फिल्म को अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचाने के लिए इसे टैक्स-फ्री किया जाए। अनुविभागीय अधिकारी प्रमोद चतुर्वेदी ने ज्ञापन को संबंधित स्तर तक भेजने का आश्वासन दिया है।

## एक नजर में

### नगर निगम अध्यक्ष ने किया व्यस्त मार्ग का निरीक्षण

**नवभारत, कटनी।** नगरपालिक निगम कटनी क्षेत्रांतर्गत सागरपुल से लक्ष्मी पान भंडार तक शहर के अत्यंत महत्वपूर्ण एवं व्यस्त मुख्य मार्ग का निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य लंबे समय से लंबित सड़क निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति का जायजा लेकर आम नागरिकों को शीघ्र राहत दिलाना रहा। वर्तमान में सड़क की जर्जर स्थिति के कारण राहगीरों और नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने बताया कि उक्त मार्ग का निर्माण कार्य लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व स्वीकृत हो चुका है, जिसकी समस्त दस्तावेजी प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। पूर्व में एलएंडटी एवं रेलवे से संबंधित तकनीकी कारणों तथा वर्तमान में चल रहे सीवर लाइन कार्य के चलते सड़क निर्माण प्रारंभ नहीं हो सका है। मौके पर उपस्थित सीवर परियोजना अधिकारी हार्दिक पटेल को निगम अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि शेष सभी सीवर कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीवर कार्य समाप्त होते ही सड़क निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कराया जाएगा। निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने बताया कि रंगनाथ मंदिर के समीप 31 जनवरी 2026 से पूज्य इंद्रेश स्वामी जी के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन प्रस्तावित है। वर्तमान सड़क की खराब स्थिति को देखते हुए श्रद्धालुओं को होने वाली संभावित असुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सीवर परियोजना अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। निगम अध्यक्ष ने कहा कि जनहित और श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि है। विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। समय-सीमा में कार्य पूरा कराना संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान रवि शर्मा, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, अनिल श्रीवास्तव, प्रदीप भार्गव, दिनेश, राजू सहित काफी संख्या में लोगों की उपस्थित रही।

# इंदौर दूषित पेयजल से हुई मौतें सरकार की आपराधिक लापरवाही

▶ कांग्रेस ने किया एक दिवसीय उपवास प्रदर्शन

**नवभारत, कटनी।** इंदौर में दूषित पेयजल पीने से हुई मौतों को लेकर कांग्रेस ने एक दिवसीय उपवास रखकर विरोध प्रदर्शन किया। उपवास कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष, समस्त ब्लॉक अध्यक्ष समस्त प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई एवं कांग्रेस के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इंदौर की घटना को लेकर राज्य सरकार और प्रभारी



मंत्री की निंदा की और उनसे नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दूषित पानी जैसी बुनियादी समस्या पर सरकार की लापरवाही सीधे तौर पर आम जनता की जान पर भारी पड़ी है। उपवास के माध्यम से कांग्रेसजनों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवारों को पर्याप्त मुआवजा, दोषियों पर सख्त कार्रवाई और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो, इसके लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हक और जीवन की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। यह उपवास सिर्फ श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि सरकार की जवाबदेही तय करने की एक मजबूत आवाज है। कांग्रेस पार्टी आमजन की सुरक्षा, स्वच्छ पेयजल और जवाबदेह शासन के लिए अपने आंदोलन को आगे भी जारी रखेगी। उपवास कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला, प्रभारी राजेश चौबे, बीएम तिवारी, हरिशंकर शुक्ल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा, राजा जगवानी, दिव्यांशु अंशु मिश्रा प्रदेश सचिव, सौम्या राधेलिया, राजेश जाटव, अजय जैसवानी, सुशील जायसवाल, राकेश गुड्डु द्विवेदी, जालिम यादव, श्याम पाहुजा, आफताब अहमद भाई, मौसूफ अहमद बिट्टू, शैलेन्द्र शुक्ला, गणेश राव, रविशंकर दुबे, कमल पांडे दिग्विजय सिंह, संजय गुप्ता, माया चौधरी, आदिता वर्मा, हेमा शर्मा, मुमताज बानो, शशि यादव, ओमप्रकाश कुशवाहा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पेयजल संकट पर सड़क में प्रदर्शन, किया चकाजाम

▶ अवैध शराब की बिक्री पर भी कार्रवाई की मांग

**नवभारत, कटनी।** जिले के स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के धनवाही गांव में शनिवार को ग्रामीणों ने शराब की अवैध बिक्री और गंभीर पेयजल संकट की समस्या लेकर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान दोनो ओर लंबा जाम लग गया। अधिकारियों की समझाइस और कार्रवाई के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। विरोध प्रदर्शन लगभग तीन घंटे तक किया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री हो रही है,



जिससे सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है। इसके अलावा पेयजल की गंभीर समस्या ने स्थिति को और भी जटिल बना दिया है। ग्रामीणों के अनुसार, उन्हें पीने के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है और इस समस्या का अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर स्लीमनाबाद थाना प्रभारी सुदेश सुमन, तहसीलदार, सरपंच और सचिव मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारी ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। प्रशासन की समझाइश और दिए गए आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया। इसके बाद मार्ग पर यातायात सामान्य हो सका। समस्याओं के निराकरण के लिए कहा गया है।

# खदानों के प्रदूषण से परेशान ग्रामीण, कार्रवाई की मांग

▶ कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा विकासखंड की ग्राम पंचायत सलैया और भदावार के ग्रामीण खदानों से होने वाले प्रदूषण से परेशान हैं। खदानों से उड़ने वाली धूल न सिर्फ स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है, बल्कि उपजाऊ कृषि भूमि को भी बंजर बना रही है। शनिवार को ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर बड़वारा तहसील कार्यालय में कलेक्टर के नाम एक लिखित शिकायत तहसीलदार ऋषि गौतम को



सौंपी। शिकायतकर्ता अवध सिंह यादव और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि भदावार और सलैया के बीच संचालित डोलोमाइट खदानों से भारी मात्रा में धूल उड़ती है। यह धूल हवा के माध्यम से ग्रामीणों के फेफड़ों तक पहुंच रही है, जिससे क्षेत्र में कैंसर, अस्थमा और त्वचा रोगों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि खदान संचालक प्रदूषण नियंत्रण के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। प्रदूषण का गंभीर असर कृषि पर भी दिख रहा है।

जिसके कारण फसल की पैदावार पर भी असर पड़ रहा है। उपजाऊ जमीन धीरे-धीरे बंजर होती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल प्रभावी रोक लगाए जाने की मांग की है।

# आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित हो रही है लाड़ली बहना योजना

▶ नगर निगम ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**नवभारत, कटनी।** लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत बहनों की किस्त राशि के अंतरण को लेकर बस स्टेंड ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता महेरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ हरमनप्रीत कौर सहित जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की



उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान सिंगल क्लिक के माध्यम से जिले की 2.38 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 35.04 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की गई, जिससे बहनों के चेहरे पर खुशी आ गई। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने कहा कि लाड़ली बहना योजना महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक मजबूती के साथ ही महिलाओं का शिक्षित और जागरूक होना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से आग्रह किया कि वे स्वयं शिक्षा के प्रति जागरूक रहें। अपने बच्चों, विशेषकर बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दें, ताकि आने वाली पीढ़ी मजबूत और आत्मनिर्भर बन सके। उपस्थित बहनों ने शासन की इस योजना के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उनके जीवन में आर्थिक स्थिरता आई है और वे स्वयं को अधिक सुरक्षित और आत्मनिर्भर महसूस कर रही हैं।

# उमड़ार नदी के किनारे कोयले के भंडार होने की संभावना

▶ रेत खदान में खनन में निकला पत्थर, कराया जाएगा सर्वे

**नवभारत, कटनी।** जिले में कोयले के विशाल भंडार का पता चला है। बड़वारा तहसील के लोहरवारा ग्राम पंचायत के सलैया केवट इलाके में उमड़ार नदी के किनारे भारी मात्रा में कोयला मिलने की बात सामने आई है।

यह खोज जिले की खनिज संपदा में एक और महत्वपूर्ण वृद्धि मानी जा रही है, जो पहले ही सोने की मौजूदगी के संकेतों के लिए चर्चा में रहा है। जानकारी के अनुसार, उमड़ार नदी किनारे



स्थित एक रेत खदान में खनन के दौरान अचानक पत्थर जैसा काला पदार्थ निकलने लगा। ग्रामीणों को जब पता चला कि यह उच्च गुणवत्ता वाला कोयला हो सकता है, तो मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। आज सुबह से ही ग्रामीण बोरियों और साइकिलों पर कोयला भरकर ले जा रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और खनिज विभाग सतर्क हो गया है। जिला खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित ने अवैध उत्खनन को रोकने के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने बताया कि उमड़ार नदी के पास कोयला निकलने की सूचना मिली है। जल्द ही खनिज विभाग और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की टीम मौके पर पहुंचेगी। यह टीम सैंपलिंग और सर्वे करेगी, जिससे कोयले के भंडार के फैलाव और उसकी कैलोरीफिक वैल्यू के संबंध में स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी।

# रेत का अवैध परिवहन करने पर ट्रेक्टर ट्राली जप्त

▶ ढीमरखेड़ा के सिलौड़ी में पुलिस ने की कार्रवाई

**नवभारत, कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना की सिलौड़ी पुलिस चौकी क्षेत्र में पुलिस ने रेत का अवैध परिवहन करने पर ट्रेक्टल ट्राली जप्त किया है। पुलिस ने बताया कि सिलोंड़ी बाजार भ्रमण के दौरान एक रेत से भरे टैक्टर ट्राली को रोका गया। ट्रेक्टर चालक पाली निवासी नरेंद्र चौधरी से रेत के परिवहन के संबंधित दस्तावेज मांगे गए। लेकिन उसके दस्तावेज नहीं थे। जिसके बाद पुलिस ने रेत सहित ट्रेक्टर ट्राली जत कर लिया



है। प्रकरण में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के संबंध में खनिज अधिनियम सहित संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। वाहन चालक के विरुद्ध आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। चौकी प्रभारी एसआई अनिल पांडे ने बताया कि रेत माफियाओं और अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। अवैध परिवहन हर हाल में रोका जाएगा।

धर्म ▶ एक ही परिसर में श्रद्धालुओं को होंगे 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन, गूंजेंगे हर-हर महादेव के जयकारे

# महाशिवरात्रि पर नीलकंठेश्वर धाम बनेगा श्रद्धा और साधना का संगम, उमड़ेगा भक्तों का सैलाब

**नवभारत, कटनी।** कुछ स्थान सिर्फ इमारत नहीं होते, वे भावनाओं के तीर्थ बन जाते हैं। जहां पत्थर नहीं, आस्था बोलती है, जहां दीप नहीं, विश्वास जलता है। विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सलैया-पड़खुरी मार्ग पर स्थित नीलकंठेश्वर धाम अब ऐसा ही एक दिव्य स्थल बन गया है, जो न सिर्फ क्षेत्र की पहचान है, बल्कि हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र भी है। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर यह धाम एक बार फिर श्रद्धा, भक्ति और अध्यात्म के महासंगम का साक्षी बनने जा रहा है। दो दिवसीय आयोजन में शिवभक्ति के विविध स्वरूप देखने को मिलेंगे।




नीलकंठेश्वर धाम के निर्माण के पीछे भगवान शिव के अनन्य भक्त मदनलाल ग्रोवर की तपस्या और संकल्प की गाथा जुड़ी है। उन्होंने अपना जीवन पूर्ण रूप से भोलेनाथ की सेवा को समर्पित कर दिया। न धन की लालसा, न यश की आकांक्षा सिर्फ एक भाव, शिव सेवा ही जीवन। इसी अखंड आस्था से नीलकंठेश्वर धाम का स्वरूप साकार हुआ। आज जब श्रद्धालु यहां शीश नवाते हैं, तो उन्हें सिर्फ एक मंदिर नहीं बल्कि एक तपस्वी की साधना की अनुभूति होती है। सेवा भक्ति के इस कार्य को बाबू ग्रोवर और रुद्राक्ष ग्रोवर आगे बढ़ा रहे हैं। उनके लिए यह आयोजन सिर्फ एक दायित्व नहीं बल्कि पिता की साधना को जीवंत रखने का संकल्प है। श्रद्धालुओं की सुविधा, संतों का सम्मान, निर्बाध दर्शन व्यवस्था और भव्य आयोजन को उन्होंने अपनी साधना बना लिया है। भक्तों का कहना है कि ग्रोवर परिवार ने सिर्फ मंदिर नहीं बनाया, बल्कि आस्था को आकार दिया है। इस आयोजन को गरिमा और दिशा देने में विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनका जुड़ाव इस धाम से केवल औपचारिक नहीं बल्कि आत्मिक और सांस्कृतिक है। धार्मिक स्थलों के संरक्षण, संस्कृति के संवर्धन और परंपराओं के सम्मान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण यह आयोजन हर वर्ष अधिक दिव्य और भव्य स्वरूप ले रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि जब जनसेवक स्वयं शिवभक्त हो, तो आयोजन कार्यक्रम नहीं बल्कि पर्व बन जाता है।

महाशिवरात्रि के अवसर पर निलकंठेश्वर धाम में अखंड पाठ की पूर्णाहुति, रुद्राभिषेक, शिव महिमा गान, भव्य झांकियां, शिव बारात एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मथुरा से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक हेमंत ब्रजवासी अपनी सुमधुर वाणी से शिवभक्ति का रस घोलेंगे। नीलकंठेश्वर धाम की विशेषता यह है कि यहां 12 ज्योतिर्लिंगों के प्रतीक मंदिर, श्रीगणेश, हनुमान और श्रीराम दरबार भी स्थापित कराया गया है।

# स्कूल की रसोई से राशन सामग्री और सिलेंडर चोरी

**नवभारत, कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत अमाड़ी गांव स्थित प्राथमिक स्कूल में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर रसोई घर से गैस सिलेंडर और राशन सहित अन्य सामान पार कर दिया है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चोरी की यह घटना 13 जनवरी की शाम 5 बजे से 15 जनवरी की सुबह साढ़े 10 बजे के बीच की है। चोरों ने प्राथमिक शाला के किचिन सेट का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और वहां रखा सामान लेकर फरार हो गए। स्कूल की प्रधान अध्यापिका राधा रैदास की रिपोर्ट के अनुसार, चोरों ने एक गैस सिलेंडर, राशन सामग्री, रसोई के बर्तन चोरी किए हैं। जिनकी कीमत करीब 6 हजार 375 रूपए आंकी गई है। शिक्षिका की शिकायत पर बड़वारा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश के लिए मुखबिर तंत्र का एक्टिव किया गया है। पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है, ताकि चोरों को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। फिलहाल चोरों के संबंध में ऐसा कोई ठोस सुराग नहीं मिला है, जिसके आधार पर चोरों को पकड़ा जा सके।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED



डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।



डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024